[redacted]

[redacted]

# PRELIMINARY EXAMINATION YEAR 2025

**SUBJECT: HINDI** **CLASS: X**

**TIME: 3 HOURS** **MARKS: 80**

*Answer to this paper must be written on the paper provided separately. You will not be allowed to write during the first **15 minutes**. This time is to be spent in reading the question paper. The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.*

*This paper comprises of **two** Sections: Section **A** and Sections **B**. Attempt All the questions from Section **"A"**. Attempt **four** questions from Section **" B"** answering at least **one** question each from the **two books.** You have studied and any **two** other questions from the same books you have compulsorily chosen. The intended marks for Questions or parts of Questions are given in brackets [ ] .*

---

## Section—A (40 Marks)
## Attempt all questions

**Question 1**

**Write a short composition in Hindi of approximately 250 words of any one of the following topics: --** [15]

**निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :------**


(I) 'मेक इन इंडिया कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है भारत को औद्योगिक रूप से बहुविकसित राष्ट्र बनाना जिससे भारत विश्व में एक महान आर्थिक शक्ति के रूप में उभर सके।' प्रस्तुत कथन के संदर्भ में मेक इन इंडिया कार्यक्रम पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(II) "100 ग्राम से खोया पदक,क्या सीखे हम सबक ?" इस कथन को ध्यान में रखते हुए भारतीय खेलों में वजन श्रेणी की सख्ती और इसके परिणामों पर प्रकाश डालते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

(III) भारतीय समाज में अनेक सामाजिक बुराइयाँ व्याप्त हैं जिनके कारण अनेक समस्याएँ जन्म ले रही हैं तथा जनजीवन को प्रभावित कर रही हैं। कुछ बुराइयों का उल्लेख करते हुए बताइए कि आप इनमें से किसे सबसे अधिक घातक समझते हैं और क्यों ? इन दुष्परिणामों एवं समाधानों का उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव लिखिए।

(IV) "सत्य की कभी हार नहीं होती" इस वाक्य से आरम्भ अथवा अन्त करते हुए एक मौलिक कहानी लिखिए।

(V) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।



Question 2

**Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topics given below: --** [7]

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए:----**

I) आपका छोटा भाई डॉक्टर बनना चाहता है। वह 'मेडिकल प्रवेश परीक्षा' की तैयारी में लगा है। वह परीक्षा उत्तीर्ण हो, ऐसी शुभकामना व्यक्त करते हुए छोटे भाई को पत्र।

II) दिन-प्रतिदिन बढ़ते हुए जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए, जिसमें वर्षा के जल का संचयन करने के लिए व्यापक स्तर पर सुझाव दिया गया हो।

**Question 3**

**Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible: --**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए । उत्तर यथा संभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :----** [10]

योगासनों का अभ्यास करने से शारीरिक बल ही नहीं, मानसिक बल भी प्राप्त होता है। एकाग्रता बढ़ती है, स्मरण शक्ति का विसाम होता है, इसलिए ये विद्यार्थियों के लिए भी बहुत उपयोगी हैं। हलके-फुलके शरीर और तनावरहित मन से कार्य-दक्षता बढ़ती है। यही कारण है कि आज कार्यालयों में काम करने वाले लोग भी योगासनों से लाभ उठा रहे हैं।

इसमें संदेह नहीं कि आज मनुष्य ने कल्पनातीत भौतिक प्रगति कर ली है। इससे कुछ हानियाँ भी हुई हैं। भीड़-भाड़, प्रतिस्पर्धायां, क्षमता से अधिक कार्य करना, शोरगुल आदि से तनाव और बेचैनी बढ़ी है। तनाव अनेक रोगों को जन्म देता है, जैसे रक्तचाप, अनिद्रा, अपच तथा अनेक प्रकार के हृदय और मानसिक रोग। कई रोगों का इलाज पाश्चात्य चिकित्सा पद्धतियाँ नहीं कर पा रही हैं, किंतु योगासनों से इनपर काबू पाया जा रहा है। यही कारण है कि आज चिकित्सक भी अपने रोगियों को योगासनों की ओर प्रवृत्त कर रहे हैं। बड़े-बड़े ख्याति प्राप्त अस्पतालों में योग चिकित्सा विभाग सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। और तो और, अंतरिक्ष में भी योगासनों पर प्रयोग किए गए हैं और पाया गया है कि योगाभ्यास से यात्रियों को सुविधा हुई है।

यह धारणा बनाना अनुचित होगा कि योगासनों का उपयोग केवल रोगों की चिकित्सा में होता है। योगासन किसी भी व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक क्षमताओं का विकास कर उसे उसके कार्य में सफलता दिलाते हैं। उसके मन को तनावमुक्त और प्रफुल्ल रखते हैं, जिससे वह जीवन का आनंद उठा सके। आज बड़े-बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान अपने मैनेजरों और कर्मचारियों को योगाभ्यास कराते हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है।

योगासनों के बारे में पढ़कर किसी के निर्देशन के बिना यों ही योगासन करना ठीक नहीं। यह ऐसा ही है, जैसे बिना डॉक्टर से पूछे दवा लेना। प्रारंभ में किसी कुशल निर्देशक या अध्यापक से योगासन सीखने चाहिए। वह आपकी क्षमता और आवश्यकता के अनुसार कुछ आसन सिखा देगा। उनका धीरे-धीरे अभ्यास करें। समयावधि भी धीरे-धीरे ही बढ़ानी चाहिए। किसी खुले और शांत स्थान पर नित्य नियमपूर्वक 15 से 30 मिनट तक योगासन करना पर्याप्त है। कुछ लोग कुछ आसनों के अनेक लाभ पढ़कर अपने आप ही आसन चुन लेते हैं। ऐसा करना हानिकारक भी हो सकता है। आजकल योगासन सीखने-सिखाने के अनेक अवसर हैं। बहुत से विद्यालयों में योग शिक्षक हैं। सभी बस्तियों के पार्कों, उद्यानों में प्रातःकाल

योगासन सिखाए जाते हैं। यह व्यवस्था प्रायः निःशुल्क होती है। कुछ जिम, हैल्थ क्लब आदि संस्थाएँ शुल्क लेकर भी योगासन सिखाती हैं। कुछ लोग अपने घरों में योगासन सिखाते हैं। बड़े ही हर्ष का विषय है कि हमारे वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से 21 जून 2015 को 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया। इसमें विश्व के कई देशों ने भाग लिया। अब हर वर्ष 21 जून को 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया जाएगा, जो विश्व के सुनहरे भविष्य का एक सुखद संकेत है।

(i) योगासन करने के क्या लाभ हैं?

(ii) मनुष्य की प्रगति के साथ क्या-क्या हानियाँ हुई हैं?

(iii) आजकल चिकित्सक योगासनों की सलाह क्यों देते हैं? बिना निर्देशन के योगासन करने से क्या हानियाँ हैं?

(iv) आज योगासन का प्रचलन कैसे बढ़ रहा है?

(v) अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' पहली बार कब मनाया गया? और इसका श्रेय किसे जाता है?

**Question 4.**

**Answer the following according to the instructions given: -** **[8]**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए:|**

i) "स्वाद ' का विशेषण होता है -

(a) स्वादमय (b) स्वादपूर्ण (c) स्वादिष्ट (d) स्वादीला

II) "अमर" का भाववाचक संज्ञा लिखिए:

(a) अमरपन (b) अमरता (c) अमराई (d) अमरताई

III) 'बुद्धिमान' का विलोम शब्द है-

(a) बुद्धिहीन (b) बुद्धियुक्त (c) अबुद्धि (d) बुद्धिमय

IV) जंगल का पर्यायवाची शब्द लिखिए:

(a) वन- विपिन (b) उपवन- वन (c) अरण्य- बगीचा (d) झुण्ड- सघन

v) 'अभिलासा' का शुद्ध रूप बताइए :

(a) 'अभिलासा' (b) अभिलाषा (c) अभीलाषा (d) अभलाष

vi) औद्योगिक क्षेत्र में भारत को <u>आशा से अधिक</u> सफलता प्राप्त हुई।(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का चयन कीजिए)

(a) संतोषजनक (b) आशातीत (c) आशाजनक (d) निराशाजन

(vii) गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ बताइए :

(a) कम शब्दों में अधिक कहना (b) अधिक शब्दों में कम कहना

(c) बहुत अधिक बोलना (d) बहुत कम बोलना

viii) आजकल फलों में पहले जैसा स्वाद नहीं है। ('स्वादिष्ट' का प्रयोग करें)

(a) आजकल के फल स्वादिष्ट नहीं है।

(b) आजकल के फलों में स्वादिष्टता नहीं है।

(c) आजकल के फलों में पहले जैसी स्वादिष्टता नहीं है।

(d) आजकल के फल पहले जैसे स्वादिष्ट नहीं है।

## SECTION – B [40 Marks]

***(Attempt four questions from this Section)***

**(You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other question)**

### साहित्य सागर - संक्षिप्त कहानियाँ
### (Sahitya Sagar – Short Stories)

**Question 5.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**
**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**"इधर-उधर देखकर उसने एक स्टूल सरकाकर रखा और ऊपर चढ़कर कोट की जेबें टटोलीं। उनमें से एक चवन्नी का आविष्कार करके वह तुरंत वहाँ से भाग गया।"**

(i) 'एक चवन्नी का आविष्कार' से क्या तात्पर्थ है? समझाकर लिखिए। [2]

(ii) 'तुरन्त वहाँ से भाग गया।' ये शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुए है? उसके भन की उदासी का कारण क्या था? [2]

(iii) उसके मित्र का नाम बताइए तथा उसका परिचय दीजिए| [3]

(iv) उसने अपने मित्र को क्या करने के लिए कहा? उसके मन में क्या योजना थी? समझाकर लिखिए। [3]

**Question 6.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**'ऊपर आते ही मेरे कान में धीरे से उसने कहा- 'मेरे पति पागल बनाए जा रहे हैं। कुछ-कुछ हैं भी, तनिक सावधान रहिएगा। नाव की बात है।'**

(I) कौन, किससे व कहाँ पर धीरे से क्यों कह रहा है? [2]

(ii) वे सभी किसके कहने पर कहाँ गए थे? वे कैसे जा रहे थे? समझाकर लिखिए। [2]

(iii) 'मेरे पति पागल बनाए जा रहे हैं .........' ये पंक्तियाँ इस कहानी के लिए क्यों अत्यन्त महत्त्व की हैं? समझाकर लिखिए। [3]

(iv) 'तनिक सावधान रहिएगा' और 'नाव की बात है' कहकर वक्ता श्रोता से क्या स्पष्ट करना चाहती थी? उसके मन में छिपे डर का भी वर्णन कीजिए। [3]

**Question 7.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए:**

**'महायज्ञ। और आज।' वे समझ गए कि सेठानी उनका मज़ाक उड़ा रही है। उन्होंने विनम्र भाव से कहा, 'आप आज की कहती हैं, मैंने तो बरसों से कोई यज्ञ नहीं किया। मेरी स्थिति ही ऐसी नहीं थी।'**

(i) सेठानी की बात सुनकर सेठजी को ऐसा क्यों लगा कि उनका मज़ाक उड़ाया जा रहा है? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(ii)** महायज्ञ' किसे कहते हैं? कहानी के प्रसंगानुसार समझाइए? [2]

(iii) 'मेरी स्थिति ऐसी नहीं थी।' सेठ जी ने ऐसा क्यों कहा? कहानी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए। [3]

(iv) इस कहानी के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है? विस्तार से लिखिए। [3]

साहित्य सागर - पद्य विभाग

**Question 8.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow:**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए**

लाठी में गुण बहुत हैं, सदा राखिये संग।
गहरि, नदी, नारी जहाँ, तहाँ बचावै अंग ॥
तहाँ बचावे अंग, झपटि कुत्ता कहँ मारै।
दुश्मन दावागीर, होयँ तिनहूँ को झारै ॥
कह 'गिरिधर कविराय' सुनो हो धूर के बाठी।
सब हथियार न छाँडि, हाथ महँ लीजै लाठी ॥

(i) कवि ने क्या साथ रखने का परामर्श दिया है और क्यों? [2]

(ii) लाठी किन-किन परिस्थितियों में सहायता करती है? स्पष्ट कीजिए । [2]

(iii) प्रस्तुत कुण्डली के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं? समझाइए । [3]

(iv) शब्दार्थ लिखिए- [3]

नारी, दुश्मन, दावागीर, महँ, झपटि, सदा

**Question 9.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**धर्मराज यह भूमि किसी की**
**नहीं क्रीत है दासी**
**है जन्मना समान परस्पर**
**इसके सभी निवासी**
**सबको मुक्त प्रकाश चाहिए**
**सबको मुक्त समीरण**
**बाधा रहित विकास, मुक्त**
**आशंकाओं से जीवन ।**

(I) उपर्युक्त पंक्तियों में 'भूमि' के संबंध में क्या कहा गया है तथा क्यों ? [2]

(II) कवि के अनुसार मानवता के विकास के लिए क्या-क्या आवश्यक है ? [2]

(III) कौन किसे उपदेश दे रहा है? वक्ता ने उसे धर्मराज क्यों कहा है ? उसने

भूमि और भूमि पर बसने वाले मनुष्यों के संबंध में क्या कहा है? [3]

(IV) उँपर्युक्त पंक्तियों द्वारा कवि क्या संदेश दे रहा है ? [3]

**Question 10.**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow :**

**निम्नलिखित पद्यान्श को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :**

**अहा ! वे जगमग-जगमग जगी**
**ज्योतियाँ दीख रही हैं वहाँ।**
**शीघ्रता करो वाद्य बज उठे**
**भला मैं कैसे जाऊँ वहाँ ?**

**सुनाई पड़ता है कल-गान**
**मिला दूँ मैं भी अपनी तान।**
**शीघ्रता करो मुझे ले चलो,**
**मातृ मंदिर में हे भगवान ॥**

(i) किसे कहाँ क्या दिखाई दे रहा है? [2]

(ii) 'वाद्य' से क्या तात्पर्य है? इसके कारण क्या प्रतिक्रिया होती है? [2]

(iii) 'कल-गान' का क्या अर्थ है? वह कहाँ हो रहा है? इसमें अपनी तान मिलाने का क्या आशय है? [3]

(iv) भगवान् से कवयित्री क्या प्रार्थना करती हैं और वहाँ शीघ्र पहुँचने का कारण स्पष्ट कीजिए। [3]

***BEST OF LUCK***